फा. सं. 6—85/सू.प्र./2018/रा.भा./12
अण्डमान तथा निकोबार प्रशासन
ANDAMAN AND NICOBAR ADMINISTRATION
सूचना प्रचार व पर्यटन निदेशालय
DIRECTORATE OF IP&T
*****

श्री विजयपुरम, दिनांक 24 सितम्बर, 2024

प्रेस विज्ञप्ति

सूचना, प्रचार व पर्यटन निदेशालय मे दिनांक 14 सितंबर से 28 सितंबर 2024 तक **'हिन्दी पखवड़ा'** का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान निदेशालय मे दिनांक 16.09.2024 को – लिपिक वर्ग कर्मचारियों के लिए **''टिप्पण व आलेखन प्रतियोगिता', दिनांक 18.09.2024 को** तकनीकि/गैर तकनीकि कर्मचारियों के लिए **निबंध प्रतियोगिता,** जिसमे विषय था **''वर्ष 2047 तक विकसित भारत मे अंडमान व निकोबार के भूमिका'',** तथा दिनांक 18.09.2024 के अपराह्न मे बहुकार्य कर्मचारियों के लिए **''निबंध प्रतियोगिता''** जिसमे विषय था **''हिन्दी मे सरकारी कार्य करने मे राष्ट्र प्रगति का सूचक'',** दिनांक 19.09.2024 को दिहाड़ी कर्मचारियों के लिए **''हिन्दी टंकन व श्रुतलेखन प्रतियोगिता'',**दिनांक 20.09.2024 को सभी कर्मचारियो के लिए **''भाषण प्रतियोगिता''** का आयोजन किया गया, जिसमें विषय **था ''रोजगार विकल्प के रूप में पर्यटन''** तथा दिनांक 24.09.2024 को हिन्दी कार्यशाला का भी आयोजन किया गया । कार्यशाला मे श्री. अजय सिंह के द्वारा ई–फाईल हिन्दी मे करने के लिए कम्प्यूटर की सुविधा के संदर्भ मे जानकारी दी गई । यह कार्यशाला दो वर्ग मे आयोजित की गई ।

कार्यशाला के समापन मे सूचना, प्रचार व पर्यटन निदेशक द्वारा सभी से हिन्दी मे अधिक से अधिक कार्य करने के लिए आहवान किया और विभाग द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं की घोषणा की । साथ ही साथ सभी अनुभाग के कर्मचारियों को हिन्दी मे कार्य करने के लिए प्रशासनिक शब्दावली व सहायकी पुस्तक का वितरण किया गया । इस पखवाडा के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं मे सक्रिय भागीदारी के लिए सभी प्रतिभागियों का अभिवादन किया । इस अवसर पर कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया ।

नलिनी
सहायक निदेशक (प्रशा.)